नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन

आधुनिक शिक्षा व्यवस्था ने मनोदशा बदल दी –कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र

वर्धा, 15 नवंबर 2018: शिक्षा में निरंतर परिवर्तन हो रहे है और आधुनिक शिक्षा व्यवस्था ने अध्ययन-अध्यापन की मनोदशा बदल दी है। शिक्षा हो रहे बदलाव की चनौतियों का मुकाबला करने के लिए शिक्षकों

को तैयार रहना चाहिए। उक्त मत महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। विवि के शिक्षा विद्यापीठ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रो. मिश्र ने भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ने अनेक शिक्षा संस्थानों को खड़ा कर भारत में आधुनिक शिक्षा की नींव ड़ाली। उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों के विकास में शिक्षा एक महत्वपूर्ण उपकरण है। शिक्षा मनुष्य को गढ़ती है। उन्होंने शिक्षा और मीडिया, मोबाइल और शिक्षा तथा ज्ञान का विस्फोट और शिक्षा आदि पर भी अपने विचार विस्तार से रखे और कहा कि सन 2030 में स्कूलों में किस तरह की पढ़ाई होगी इसपर अभी से विचार करना चाहिए। इस अवसर पर

शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर मंचासीन थे । कार्यक्रम में शिक्षक तथा विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।